# संतकबीरनगर पुलिस

**जनपद - संतकबीरनगर　　　　　प्रेस विज्ञप्ति　　　　　दिनॉक 20-11-2022**

आज दिनांक 20.11.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर **श्री अखिल कुमार** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती **श्री आर0के0 भारद्वाज** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कमार** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सन्तकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

**संतकबीरनगर पुलिस द्वारा हत्या में वांछित अभियुक्त को आला कत्ल चाकू के साथ किया गया गिरफ्तार**

**दिनांक 19.11.2022 को वादिनी ताजरा खातून पत्नी गरीबुल्लाह निवासी ग्राम बेलहर खुर्द थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दिया गया कि उसके पति एवं इश्तियाक अहमद दोनों को आवास मला था दोनों लोग अपना आवास बनवा रहे थे इतने में फावड़े को लेकर गरीबुल्लाह पुत्र मो0 जमीद एवं इश्तियाक अहमद पुत्र नसीर ने घर से चाकू लाकर मेरे पति को मार दिया जिनको इलाज हेतु परिवार वाले सीएचसी मेहदावल ले गये जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना बेलहरकला पर मु0अ0सं0 268 / 2022 धारा 302भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया था ।**

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मेहदावल **श्री राजीव कुमार यादव** के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बेलहरकला **श्री अमित कुमार कुशवाहा** की टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त इश्तियाक पुत्र नसीर निवासी बेलहरकला खुर्द जनपद संतकबीरनगर को आज दिनॉक 20.11.2022 को राजघाट पुल के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर चाकू को बरामद करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

**बरामदगी-**

01 अदद चाकू आला कत्ल ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण :-**

थानाध्यक्ष बेलहरकला श्री अमित कुमार कुशवाहा, का0 प्रवीण चौबे, का0 आशीष शुक्ला ।

# संतकबीरनगर पुलिस

## युवती के साथ दुष्कर्म करने व मारपीट तथा जानमाल की धमकी के मामले में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

जनपद में **मिशन शक्ति अभियान** के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु **पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सोनम कार** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी धनघटा **श्री राम प्रकाश** के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा **श्री कृष्णदेव सिंह** के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मु0अ0स0 577/2022 धारा 354(क) / 323 / 504 / 506 / 452 / 376 भादवि मे वांछित अभियुक्त नाम पता सूरज पुत्र धनुषधारी निवासी ग्राम गायघाट थाना धनघटा जनपद सन्तकबीरनगर को मुण्डेरा शुक्ल चौराहे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर छेड़खानी व दुष्कर्म की घटना कारित की गयी थी तथा मना करने पर गाली देते हुए मारपीट किया तथा जानामाल की धमकी दिया गया था, जिसके संबंध मे वादिनी द्वारा दिनांक 06.11.2022 को थाना धनघटा पर लिखित तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आज दिनांक 20.11.2022 को थाना धनघटा पुलिस द्वारा उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-** उ0नि0 श्री मनोज कुमार पटेल मय हमराह हे0का0 दिनेश यादव।



# संतकबीरनगर पुलिस

## संतकबीरनगर पुलिस द्वारा दबिश के दौरान 17 नफर वारण्टी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर **श्री सोनम कुमार** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम **में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा 01** वारण्टी अभियुक्त नाम पता अभिषेक पुत्र ओम प्रकाश निवासी जबलपुर थाना टाड़ा जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री रामअवध यादव, का0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह।

**थाना दुधारा पुलिस द्वारा 02** नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1-चुनवा पुत्र खदेरन निवासी साफियाबाद, 2- मुहम्मद हारून पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बाघनगर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री रजनीश कुमार राय, का0 प्रदीप कुमार शाह।

**थाना धनघटा पुलिस द्वारा 01** नफर वारण्टी नाम पता कन्हैया लाल वर्मा पुत्र स्व0 शुभकरन वर्मा निवासी सोनाड़ी थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** व0उ0नि0 हरिनरायण दीक्षित, हे0का0 अनिल मिश्रा, का0 हिमांशु मिश्रा।

**थाना महुली पुलिस द्वारा 10** नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1 – रामधरन पुत्र राम दुलारे निवासी भगवानपुर पूर्वी, 2 – भीमसेन पुत्र रामस्वरूप निवासी भगवानपुर, 3 – अर्जुन पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी काली जगदीशपुर, 4 – संजय पुत्र दरशू निवासी काली जागदीशपुर, 5 – विजय प्रताप पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी काली जगदीशपुर, 6 – विनोद पुत्र राम निवासी निवासी बत्तुकपुर उर्फ शंकरपुर, 7 – उदयराज पुत्र स्व0 राम सहाय निवासी सिकरी, 8 – राम अजोर पुत्र हनुमान निवासी डड़वा, 9 – रामलाल पुत्र मरहवा निवासी छितही, 10 – बृजेश पुत्र रामसहाय निवासी भिनखिनी खुर्द थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उनि0 श्री हरिकेश भारती, उ0नि0 श्री कौशल किशोर सिहं, उ0नि0 श्री दद्दन राय, उ0नि0 श्री अरुण कुमार पाण्डेय, हे0का0 मो0 आरिफ, हे0का0 भानुप्रकाश यादव, का0 शरद राय, को0मो0 सुल्तान, का0 धनन्जय सिंह, का0 प्रशान्त त्रिपाठी, का0 सोनू यादव, का0 सलमान अंसारी, का0 राजन यादव।

# संतकबीरनगर पुलिस

**थाना मेहदावल पुलिस द्वारा 02** नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता 1 - आकाश अग्रहरि पुत्र श्रीकान्त अग्रहरि, 2 – सुनील कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासीगण ठाकुरद्वारा थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री लालजी यादव, का0 अखिलेश पाण्डेय, का0 रत्नेश सिंह।

**थाना बखिरा पुलिस द्वारा 01** नफर वारण्टी अभियुक्त नाम नाटे पुत्र निसार निवासी नन्दौर थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री संजय यादव, का0 मनीष यादव।






@santkabirnagpol

Pro Cell Santkabirnagar

spsantkabirnagar

# संतकबीरनगर पुलिस

### शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 12 अभियुक्त गिरफ्तार

- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## पीआरवी आफ द डे

**पीआरवी 1484 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों को पहुंचाया गया अस्पताल -** पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत हैंसर बाजार से इवेन्ट संख्या 04121 से कालर ने मार्ग दुर्घटना में 02 व्यक्तियों नाम पता ( सोनू पुत्र जियालाल चौहान, 2- सदानन्द पुत्र जिलालाल चौहान निवासी ग्राम हैसर बाजार थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर) के घायल होने के संबन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटना स्थल पर 04 मिनट में पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को प्राइवेट वाहन से सीएचसी मलौली भेजवाया गया तथा घटना के संबंध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया । पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई गई, जिसकी स्थनीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गयी।

**पीआरवी स्टाफ** – मु0आ0 संजय पाल, आरक्षी अनिल यादव, आरक्षी अरुण कुमार यादव, हो0चा0 रामहित प्रजापति।

### मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 99 वाहनो से 97,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया

आज दिनांक 20.11.2022 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 99 वाहनों से 97,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।